detected during the last three years are as under:

Year	No. of cases dsetected
1988-89	2103
1989-90	2267
1990-91 (upto January, 1991)	882

Periodical surprise raids are carried out by DESU to check illegal use of electricity including theft of power which has been made a cognizable offence under the Indian Electricity Act, 1910.

(c) It is not possible to segregate the losses on account of theft of electricity from the total transmission and distribution losses. However, as a result of the various measures taken by DESU, including vigorous action against theft of power and recovery of outstanding dues, the transmission and distribution losses have been brought down from 24.6 per cent in 1988-89 to about 21.5 per cent in 1989-90 and 19.5 per cent in 1990-91 (upto January, 1991.)

विदेशी विमानों के लिए ईंधन भरने की सुविधाएं

578. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्री बलराम सिंह यादव :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में अनेक विमानपत्तनों पर विदेशी विमानों को ईंधन भरने की सुविधा उपलब्ध है ;

(ख) यदि हां, तो अगस्त, 1990 से दिसम्बर, 1990 की अवधि के दौरान कितने विदेशी विमानों को ईंधन उपलब्ध कराया गया तथा इन्हें कुल कितना तेल ईंधन के रूप में दिया गया और इस तेल के लिये प्रति लिटर कितना मूल्य वसूल किया गया ;

(ग) क्या सरकार देश में पेट्रोल की भारी कमी को देखते हुए भविष्य में इस नीति में कोई परिवर्तन करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) जी, हां ।

(ख) सूचना एकत्र की जा रही है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) उपर्युक्त (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

बिहार में "कालाजार" बुखार की रोकथाम के लिए स्वीकृत केंद्रीय अनुदानों का अन्यत्र कार्यों में खर्च किया जाना

579. **चौधरी हरि सिंह :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1990 के दौरान कालाजार बुखार की रोकथाम के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा बिहार सरकार को स्वीकृत किये गए अनुदान की समस्त धनराशि को अन्य प्रयोजनों के लिये खर्च किया गया है ;

(ख) क्या बिहार सरकार ने इस प्रयोजनार्थ केन्द्रीय सरकार से कोई अनुमति मांगी थी ; और

(ग) क्या बिहार सरकार ने "कालाजार बुखार" की रोकथाम के लिये केन्द्रीय सरकार से हाल ही में कुछ और धनराशि प्रदान किए जाने के लिए कहा है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री और उद्योग मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बसाई चौधरी) : (क) वर्ष 1990-91 के दौरान कालाजार नियंत्रण के लिए बिहार